पत्र संख्या-कम्प्यूटर-मिशन मोड प्रोजेक्ट-(2010-2011)/ 1119 / वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्यकर, उत्तर प्रदेश
(आई0टी0-अनुभाग)
दिनॉक // लखनऊ // मार्च, 30 2011

समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्यकर
उत्तर प्रदेश।

आप अवगत हैं कि प्रत्येक जोन में तैनात अधिकारियों / एवं कर्मचारियों को कम्प्यूटर में दक्ष बनाने एवं अन्य प्रशिक्षण देने का दायित्व जोनल एडीशनल कमिश्नर को दिया गया है एवं समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर को इस हेतु एडीशनल डायरेक्टर (प्रशिक्षण) भी नामित किया गया है।

2- जोन में प्रशिक्षण सुविधाओं को और अधिक आधुनिक बनाये जाने के उद्देश्य से प्रत्येक जोन में प्रशिक्षण हेतु आवश्यक उपकरण यथा कम्प्यूटर, यू0पी0एस, प्रिन्टर, स्कैनर एवं प्रोजेक्टर (स्क्रीन सहित) उपलब्ध कराये जा रहे हैं। इन उपकरणों की आपूर्ति कार्यदायी संस्था NICSI के माध्यम से करायी जा रही है जिनके Configuration, make, model एवं संख्या का विवरण Annexure के रुप में संलग्न है। इन उपकरणों की आपूर्ति माह मई 2011 के प्रथम सप्ताह से प्रारम्भ हो जायेगी, अत: कृपया इन उपकरणों के installation के लिए उपयुक्त स्थान को पहले से ही चिन्हित कर लें एवं यह सुनिश्चित कर लें कि वहाँ पर आवश्यक Power Connection एवं LAN Connection उपलब्ध है तथा अर्थिंग का कार्य पूर्ण है। यह कार्य दिनांक 30-04-2011 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण कर लिया जाय।

3- उपकरणों की प्राप्ति व installation हो जाने पर जोन के असिस्टेंट प्रोग्रामर के माध्यम से यह सुनिश्चित कर लिया जाय कि आपूर्तित उपकरण Annexure में अंकित configuration, make एवं model के है। उपकरणों की आपूर्ति एवं installation का कार्य पूर्ण होने पर उपकरणों की नियमानुसार स्टाक रजिस्टर में प्रविष्टि करते हुए निम्नलिखित प्रारुप में सूचना तत्काल मुख्यालय प्रेषित की जाय।

क्रम संख्या	जोन का नाम	उपकरण का नाम	आवंटित उपकरण की संख्या	आपूर्तित उपकरण की संख्या	यदि आवंटित उपकरणों से कम संख्या में उपकरण प्राप्त हुए है तो उसका कारण
1	2	3	4	5	6

यदि आपूर्तित कम्प्यूटर उपकरण के configuration, make & model में किसी प्रकार की विसंगति हो तो कृपया इसकी सूचना तत्काल e-mail द्वारा upct_comp@rediffmail.com पर मुख्यालय उपलब्ध करायी जाय।

संलग्नक:-उपरोक्तानुसार

30/3/11
(चन्द्रभानु)
कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या व दिनांक उक्त ::

प्रतिलिपि :-संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण), प्रशिक्षण संस्थान, गोमतीनगर लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया प्रशिक्षण संस्थान गोमतीनगर, लखनऊ को आवंटित उपकरणों के सम्बन्ध में वह भी उपरोक्तानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक:-उपरोक्तानुसार

ज्वाइंट कमिश्नर (आई0टी0), वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।